भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2639

दिनांक 16 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

.....

केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित उत्तराखंड की प्रमुख सिंचाई परियोजनाएं

2639. श्री महेंद्र भट्टः

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तराखंड में केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित सिंचाई परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इन परियोजनाओं में से कितनी परियोजनाएं पूर्ण नहीं हो पाई हैं; और

(ग) इन्हें शीघ्र पूर्ण करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) से (ग): उत्तराखंड की दो (02) प्रमुख सिंचाई परियोजनाएं, नामत: जमरानी बांध परियोजना और लखवार बहुउद्देशीय परियोजना, केन्द्रीय सहायता के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल की गई हैं। इन परियोजनाओं में भौतिक प्रगति क्रमशः 21% और 14% हुई है।

इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड की 1,066 सतही लघु सिंचाई परियोजनाओं के दो (02) समूह, केन्द्रीय सहायता के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-हर खेत को पानी-सतही लघु सिंचाई कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया गया है। उत्तराखंड सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि 772 परियोजनाए पूर्ण हो गई हैं।

इन परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करने के लिए, कार्यान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए समीक्षा बैठकों और फील्ड निरीक्षणों के माध्यम से हो रही भौतिक और वित्तीय प्रगति की नियमित निगरानी की जाती है। राज्यों को आधुनिक प्रौद्योगिकियों और बेहतर परियोजना प्रबंधन पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि परियोजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से हो सके। इसके अतिरिक्त, मुद्दों के समाधान और परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच घनिष्ठ समन्वय स्थापित किया जाता है।

*****